Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 26-12-2021 | अंक 96

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग को अगवा कर यौन शोषण का आरोप में प्राथमिकी दर्ज, आरोपी फरार

**अपेम लाइवः बरही**

बेन्दगी पंचायत के उजैना की रहने वाली एक नाबालिग लड़की ने बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमे उन्होंने आरोप लगाया है कि उजैना निवासी दिनेश गुप्ता उर्फ पप्पू पिता कपिल साव ने उन्हें अगवा कर उनके साथ यौन शोषण किया। नाबालिग लड़की के आवेदन पर बरही थाना में कांड संख्या 520/21 दर्ज करते हुए अपरहण एवं पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की धर पकड़ की जा रही है। थाना प्रभारी इंसपेक्टर नीरज सिंह ने बताया कि नाबा. लिग ने अगवा कर यौन शोषण का आरोप लगाई है। प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि इस मामले को लेकर यादव समाज मे काफी आक्रोश है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।




# मौत के चीत्कार से गुंजित हुवा दनुवा घाटी

## फटा गैस टैंकर, लपेटे में कई गाड़ीयां, तीन मौत दो घायल





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

जीटी रोड स्थिति दनुवा घाटी फिर से हुवा रक्त रंजित। मौत के चीत्कार से गुंजित हुवा दनुवा घाटी। हृदय विदारक घटना में तीन युवक युवकों का मौत हो गया और दो युवक गम्भीर रूप से घायल है। दरअसल शनिवार रात घाटी के ढलान में गैस टैंकर पलट गई। इससे गैस का रिसाव होने लगा। जीटी रोड पर चलने वाले पूरे मामले को समझ नहीं सके। इसी बीच टैंकर से गैस रिसाव होने लगा तथा घाटी क्षेत्र के लगभग चार पांच सौ मीटर की दूरी में घना अंधेरा छा गया। इसी बीच टैंकर में आग लग गई। आग भीषण रुप ले ली तथा गैस टैंकर में आग लग गई। विस्फोट की चपेट में आ. सपास के तीन अन्य वाहन आ गये। सभी वाहन पूरी तरह जल



मौके पर पहुँच कर जायजा लेती एसडिओ पुनम कुजुर

गये। इनमें एक हाईवा, एक बारह चक्का ट्रक और एक ट्रेलर पूरी तरह जल गया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए। सभी शव बुरी तरह जल चुके थे। बेहद क्षत विक्षत दो शवों को थाना लाया गया जबकि तीसरे शव को चोरदाहा के बब्लु यादव के रुप में शिनाख्त की गई। मृतक चालक हाईवा चलाता था तथा ईचाक से छर्री लाने जा रहा था। वहीं दो शव की शिनाख्त नहीं हो सका। दुर्घटना के बाद पुलिस रात भर सेवा में जुटी रही। रात में दमकल मंगवा कर वाहनों में लगी आग को बुझाया गया। परंतु तब तक वाहन जल कर राख हो चुकी थी। इधर घटना की जानकारी मिलने पर विधायक उमाशंकर अकेला, एसडीओ पूनम कुजूर, इंस्पेक्टर रोहित कुमार, थाना प्रभारी सपन कुमार महतो आदि मदद करने में जुटे रहे।

# एकल विद्यालय के माध्यम से बच्चों को दें सनातन संस्कृति की ज्ञानः किशुन यादव

## एकल विद्यालय आचार्यो का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का हुआ शुभारम्भ

**अपेम लाइव : बरही**

एकल अभियान के अंतर्गत संचालित एकल विद्यालय के बरही संच के सभी आचार्यों की मासिक अभ्यास वर्ग सह मासिक समीक्षा बैठक बरही अंचल कार्यालय में हुई। दो दिनों तक चलने वाला इस अभ्यास वर्ग का शुभारंभ भारत माता एवं माता सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ भाजपा के ओबीसी प्रमण्डल प्रभारी किशुन यादव ने की। उसके बाद बारी बारी से उपस्थित सभी आचार्यों ने पुष्प अर्चन किया। बैठक की अध्यक्षता संच प्रमुख शीला देवी एवं संचालन अंचल गतिविधि प्रमुख संदीप चंद्रवंशी ने किया। बैठक में पिछले एक माह में प्रत्येक विद्यालय में किए गए गति. विधि आधारित कार्यों की समीक्षा की गई। पंचमुखी शिक्षा पर जोर दिया गया। आचार्यो को संबोधित करते



कार्यक्रम मे उपस्थित लोग

हुए किशुन यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति हमसबो का गौरव है। इन्हें अक्षुण्ण रखना हम सबका दायित्व है। आप सभी किताबी ज्ञान के साथ साथ बच्चों को अपनी सनातनी संस्कृति का भी ज्ञान दें। उन्हें अपने धर्म, अपनी संस्कृति के बारे बताएं। उन्हें अपने महापुरुषों के बारे में भी जानकारी दें। मौके पर सुनैना देवी, प्रियंका देवी, किरण देवी, तारा देवी, सीमा देवी, लक्ष्मी देवी ,फुल कुमारी ,रूपा कुमारी, कौशल्या देवी, लक्ष्मी कुमारी, रिंकू देवी, बसंती देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी ,कोशीला देवी ,आरती देवी, रेनू देवी ,मुन्नी देवी ,संगीता देवी, संदीप चंद्रवंशी आदि लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

# अखिल भारीतय कुशवाहा महासभा का सम्मेलन सम्पन्न




कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथि व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**

बरही में अखिल अखिल भारतीय कुशवाहा समाज का एक दिवसीय सम्मेलन रविवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता, संजय कु मेहता, बब्लू कुशवाहा, इन्द्रनारायण कुशवाहा, राज. कुमार मौर्य, रंजन कुमार शामिल हुए। सभी अतिथियों को माला एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता संजय कुमार मेहता व संच. ालन अरुण कुमार ने किया। सम्मेलन में संगठन की मजबूती पर चर्चा किया गया। मौके पर विष्णुधारी माहतो, राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, कोरियाडीह से सुरेश महतो, कृष्णा प्रसाद, सशि कुशवाहा, अरुण प्रसाद, मोहन कुमार, दामा. ेदर प्रसाद वर्मा, रामजी प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद, दिवाकर प्रसाद, कमल प्रसाद, सुरेश महतो, मालती प्रसाद, सिकन्दर प्रसाद, तरकेस्वर प्रसाद, संजय प्रसाद, सिंघासन महतो, मनोज प्रसाद, जगदीश महतो, प्रकाश प्रसाद, महेश प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, अजीत कुमार, नि. रंजन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, दिनेश कुमार, नारायण प्रसाद, विद्याधर प्रसाद, अर्जुन महतो, बासुदेव प्रसाद, झरी महतो, बरसोत से प्रदीप कुशवाहा, विजय कुशवाहा, रामप्रसाद कुशवाहा, दामोदर कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, आसुतोष कुशवाहा, महादेव महतो, भोला कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, संजय कुशवाहा, विनोद महतो, बासुदेव प्रसाद कुशवाहा, रामचंदर प्रसाद कुशवाहा, विजैया से देवलाल कुशवाहा, सीताराम प्रसाद, परमेश्वर महतो, विकाश कुमार, सुनील कुमार, वीरेंद्र कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, गौरिया से सुरेंद्र कुमार, राजू मेहता, राजकिशोर कुमार वर्मा, द्वारका प्रसाद मेहता, संभु कुमार, बाबूलाल कुशवाहा, प्रयाग महतो, चौपारण से लोकेश प्रसाद, दांगी गंगाधर, प्रसाद दांगी, मिथुन कुमार दांगी, घनश्याम प्रसद दांगी, सीताराम प्रसाद दांगी, निर्मल प्रसाद दांगी एवं कैलाश प्रसाद दांगी मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



# सद्भावना विकास मंच ने किया मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन

## सद्भावना को पूरे राज्य में फैलाना मेरा लक्ष्य : राज सिंह चौहान



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथी एवं सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष रात सिंह चौहान व अन्य



सीओ को शॉल देकर सम्मानित करते



पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते

**अपेम लाइव :बरही**

बरही सद्भावना विकास ने रविवार को मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अति थति अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ० प्रकाश ज्ञानी, बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, डॉ० संगीता चौधरी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, पन्नम सिंह चौहान, बरही थाना के सब इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार, बरही पश्चमी के पूर्व मुखिया शमशेर आलम, बरही पश्चमी के मुखिया उम्मीदवार राजकुमार केशरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घटान किया। कार्यक्रम का संचालन सद्भावना विकास मंच के सचिव कुंदन कुमार ने किया। कार्यक्रम के शुरुआती में सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मंच को संबोधित करते हुए डॉ० प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि सद्भावना विकास मंच ने कोरोना काल मे बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। और इनके द्वारा किये गए कार्यो को कोई नही भूल सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि वैक्सीन हमारे लिए बहुत ही जरूरी है। सभी को फर्स्ट डोज लेना अनिवार्य है। वैक्सीन से ही हम कोरोना को मात दे सकते है। साथ ही उन्होंने सभी लोगो से अपील किया कि अगर आपके आस पास के क्षेत्र में अगर कोई व्यक्ति जिन्होंने वैक्सीन नही लिया है। वैसे लोगो को आप वैक्सीन लेने के लिए प्रेरित करे। वही उन्होंने कहा कि यह मंच जिस प्रकार कार्य कर रहा है। मुझे उम्मीद है कि आगे भी इसी प्रकार काम करेगा। वही बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संगठन के मजबूती में महिलाओं का सबसे अहम योगदान होता है। और सद्भावना ने महिलाओ को प्राथमिकता दी है। वहीं चौपारण से चलकर आई मशहूर कलाकारा रौशनी राजधानी एवं उनके साथियों द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अंत मे सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष मंच को संबोधित करते हुए कहा कि सद्भावना का स्थापना चार साल पहले हुई थी । तब इसमें कुछ गिने चुने लोग ही शामिल थे। और आज हमारे साथ हजारों हजार महिला एवं पुरुष साथ है। साथ ही उन्होंने कहा कि जब पूरा देश कोरोना के डर से घर से बाहर नही निकल रहा था। तब सद्भावना के सभी सदस्य दिन रात कर हॉस्पिटल में अपना सेवा दे रहे थे। जब पूरा देश ऑक्सिजन की कमी से मर रहा था। तब सैड सद्भावना एक महीना तक लगातार ऑक्सीजन मुहैया कराया था। मैं जितना भी अपने टीम के सदस्यों का सराहना करू कम है। मुझे गर्व है कि मैं इस मंच का नेतृत्व कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द सद्भावना को झारखण्ड में जाल की तरह बिछा दिया जाएगा। अंत मे उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से बरही में बड़े बड़े हॉस्पिटल व शिक्षा के लिए स्कूल खोले जाएंगे। मौके पर उपाध्यक्ष आजाद हुसैन, उपसचिव तौहीद अली, मीडिया प्रभारी जियाउल अंसारी, मनोज कुमार, महिला विंग से सद्भवान विकास मंच के(उपाध्यक्ष) पायल देवी,सचिव सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष फिरोजा खातून, गायत्री देवी, उपाध्यक्ष मीना देवी चौपारण, सचिव संजू देवी चौपारण, ममता देवी, रिंकू देवी, पुष्पा देवी, सुकृति देवी, सुमन देवी, रेणु देवी, आफरीन कौशर, बसंती देवी, आरती देवी, पम्मी देवी, बब्ली देवी, माफिया खातून, सुलेखा खातून एवं सद्भावना के हजारों सदस्य मौजूद थे।



कार्यक्रम मे शामिल लोग

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---27.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---कृष्ण पक्ष
तिथिः---अष्टमी तिथि दिन 02:34 तक उपरांत नवमी तिथि
दिनः---सोमवार
नक्षत्रः---हस्त नक्षत्र
योगः---शोभन
करणः---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---कन्या राशि में
आज का राहूकाल प्रातः ---07:30 बजे से प्रातः ---09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से मन शांत रहता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## उच्च विद्यालय बरियट्ठा के शिक्षक व छात्र , छात्राओं ने किया शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण

**अपेम लाइवः बरही**


शैक्षणिक भ्रमन करते छात्र व शिक्षक

बरही प्रखण्ड के बरियट्ठा में संचालित उच्च विद्यालय बरियट्ठा प्रबंधन द्वारा शिक्षक – विद्यार्थी संघ शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। जिसमें विद्यालय के 50 विद्यार्थियों को झारखण्ड के पर्यटन स्थल हुंडरू जलप्रपात, बिरसा जैविक उद्यान, पतरातू घाटी एवं झारखण्ड कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। पर्यटक मार्गदर्शक के रूप में विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार ने सभी बच्चों को भ्रमण कराते हुए प्रत्येक स्थलों के महत्व को बताया। साथ ही उन्होंने हुंडरू जलप्रपात और जैविक उद्यान के बारे में बताते हुए जानकारी दी कि यह हमारे राज्य झारखण्ड के सुंदर और ऐतिहासिक स्थलों में से एक है। यहाँ प्रत्येक दिन सैकड़ो सैलानी घूमने आते हैं। वहीं भ्रमण के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार भारती ने बताते हुए सभी बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नये जगह घूमना और जगहों का जानकारी प्राप्त करना एक विद्यार्थी के जीवन में काफी महत्व है। साथ ही परीक्षा दृष्टि से भी काफी लाभदायक सिद्ध होता है। और अपने राज्य के हर प्रकार के स्थलों का जानकारी रखना हमारी कर्तब्य है। भर्मण के दौरान सभी बच्चे काफी उत्सुकता से आनन्द उठाये। पर्यटन भ्रमण में विद्यालय के शिक्षक श्यामलाल यादव , राजू कुमार, अज़हरुद्दीन, सोएब अख्तर एवं शिक्षिका सुधा कुमारी, सोनी कुमारी, काजल कुमारी, प्रिया कुमारी, संगीता कुमारी और सहित विद्यालय के वर्ग अष्टम, नवम एवं दशम के विद्यार्थी शामिल रहे।

## विधायक ने तिलैया बस्ती में पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



पिसिसि पथ का शिलान्यास करते विधायक व अन्य

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुअकला पंचायत के तिलैया बस्ती में आरईओ रोड से लेकर तिलैया बस्ती तक बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने पीसीसी पथ का शिलान्यश किया। जिसका लंबाई 1000 फ़ीट है। मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, रघुवीर यादव, मीना देवी, सहदेव राम, सीताराम, मुकेश यादव, रंजीत यादव, अजय यादव, शंकर रविदास, परमेश्वर यादव, राजू राम, सुभाष यादव, सुरेंद्र यादव, आजाद राम, लालो राम, आकाश यादव, पिंटू यादव, जगदीश यादव, अनिल राम, डीवीसी मुख्य हरि सिंह, सोहन यादव, चन्दरी देवी एवं गाँव के कई लोग मौजूद थे।

## नामजद अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय धोबी महासंघ के मिले थाना प्रभारी से

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**



बोकारो जिला के नावाडीह थाना काण्ड संख्या 93/21 के नामजद अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कोडरमा जिला से अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल नावाडीह थाना प्रभारी रंजीत कुमार से मिला। मौके पर नावाडीह थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने आश्वासन दिया कि दोषी व्यक्तियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें बहुत जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। इधर जल्द अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला इकाई कोड. रमा एवं बोकारो जिला कमेटी पुलिस अधीक्षक कार्यालय बोकारो के समक्ष लोकतांत्रिक तरीके से एक दिवसीय धरना दिया करेगा। नावाडीह थाना प्रभारी रंजीत कुमार से प्रतिनिधिमंडल मिलने के बाद अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला बोकारो के जिला अध्यक्ष गोविंद रजक आवास पर पहुंचकर मृतक शुकर रजक की पत्नी गौरी देवी एवं उनके पुत्र अभिषेक दो मिनट का मौन धारण कर उनके आत्मा को शांति मिलने के लिए गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया। प्रति. निधिमंडल में अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बासुदेव धोबी, जिला अध्यक्ष खगेंद्र राम, जिला सचिव मिथिलेश कुमार, झुमरी तिलैया नगर अध्यक्ष विजय रजक, कोड. रमा प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश रजक, जिला कमेटी सदस्य मनोज रजक, सुरेश रजक, सचिन रजक, जिबलाल रजक एवं बोकारो जिला अध्यक्ष गोविंद रजक जिला सचिव सुखदेव रजक आदि मौजूद थे।

## अज्ञात महिला की लाश पर से पर्दा उठा मामला 18 नवम्बर को मिली थी महिला की लाश, हत्यारोपी गया जेल

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**


पकडा गया आरोपी

बरकट्ठा थाना क्षेत्र के इचाक बंधासिंघा पीडब्ल्यूडी रोड़ स्थित डूमरढिहा जंगल से 18 नवम्बर को एक 25 वर्षीय महिला की लाश मिली थी बरकट्ठा पुलिस ने अथक प्रयास कर इस हत्या के मामले का उद्भेदन कर लिया है थाना प्रभारी विक्रम कुमार द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार लाश की शिनाख्त अनिशा कुमारी पिता विद्या राय साकिन बरमाइन थाना उचकागांव जिला गोपालगंज के रूप में की गई इस संदर्भ में कांड संख्या 248/21 के तहत मामले में संलिप्त एक आरोपी 34 वर्षीय चन्द्र पा. सवान उर्फ सांवत पिता बा. सुदेव पासवान साकिन फतेहा थाना बछ्वाड़ा जिला बेगूसराय निवासी को जेल भेजा गया साथ ही पुलिस और साक्ष्य जुटाने पर जुड़ी हुई है

**क्या था मामला**

हत्या आरोपी चन्द्र पासवान मृतिका अनिशा कुमारी को अपने साथ बिहार से लेकर हजारीबाग में अपने साथ लिव इन रिलेशनशिप रहता था मृतिका का एक 3 साल का बेटा भी उनके साथ रहता था वही आरोपी चन्द्र की पहली पत्नी से दो बेटियां थी बेटे की चाह में ही वह मृतिका अनिशा को अपने साथ हजारीबाग में रख रहा था इसी बीच मृतिका अनिशा ने गांव जाने की जिद्द पकड़ ली उसे बस चढ़ाने की बात कर के एक बाइक से इचाक बंधासिंघा पीडब्ल्यूडी रोड़ ले आया सुनसान जगह देखकर उसकी हत्या कर दी साथ ही लाश को झाड़ियों में फेंक दिया ।

## सिंघरावां पंचायत में धान क्रय केंद्र व पैक्स गोदाम खोलने समेत विभिन्न जन समस्याओं के संबंध में युवा समाजसेवी लालेश साहू ने किया मांग

### ज्ञापन देकर विधायक व अधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्र बनाने, बंजर भूमि पर वृक्षारोपण करवाने का करवाया ध्यानाकर्षण

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कुमार**


विधायक को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी

चौपारण प्रखड अंतर्गत सिंघरावां पंचायत में धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र व पैक्स गोदाम बनाने, आंगनबाड़ी केंद्र,बंजर भूमि पर वृक्षारोपण समेत अन्य जनसमस्याओं पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक व अधिकारियों को अवगत करवाते हुए युवा समाजसेवी लालेश साहू ने ज्ञापन देकर मांग किया। सिंघरावां में किराये के मकान में चल रहे असुविधा युक्त दो आंगनबाड़ी केंद्र को नए भवन बनवाने समेत धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र नहीं खोले जाने से किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। किसान अपने धान को औने पौने दाम में बिचौलियों के हाथों बेचने को मजबूर है। धान का मूल्य 10 से 11 रुपए प्रति किलो मिलने से काफी चिंतित हैं।जिससे किसानों को खेती करने का लागत मूल्य निकालना भी मुश्किल हो रहा है।वहीं पैक्स गोदाम नहीं होने से किसानों को काफी नुकसान एवं असु. विधा का सामना करना पड़ रहा है।आगे श्री साहू ने आवेदन में पंचायत के सैकड़ों एकड़ बंजर भूमि पर वृक्षारोपण करवाने समेत अन्य कई मांग किया है। जिसका प्रतिलिपि माननीय विधायक बरही , बीडीओ चौपारण,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चौपारण , जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिक. ारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी हजारीबाग , वन क्षेत्र पदा. धिकारी चौपारण को अलग-अलग आवेदन देकर समस्याओं का समाधान के लिए मांग किया है।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

## वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारु एवं ईमानदार

उम्मीदवार

**कपिल प्रसाद केशरी**

को अपना बहुमूल्य

मतदान देकर भारी मतों से

विजयी बनाएं...!



सोच हमारी

विकास आपका


**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

**RAINBOW SCHOOL BARHI**

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)









Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से



## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

**हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी

वादा नहीं विकास करेंगें जन जन का सम्मान करेंगें।

बरही पूर्वी पंचायत से

मुखिया प्रत्याशी पद हेतु

शिक्षित, योग्य, कर्मठ, अनुभवी

ईमानदार उम्मीदवार

**आभा सिन्हा**

को अपना बहुमुल्य

वोट देकर

भारी मतों से विजय

बनाएं...

सोच हमारी

विकास आपका





निवेदक **श्री श्याम कुमार सिन्हा** समाज सेवी बरही पूर्वी पंचायत

दिनांक: 26-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 06

## प्रभु प्राप्ति का एकमात्र रास्ता : मानव शरीर

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**सुमन मेहता**





`कार्यक्रम मे उपस्थित लोग

हज़ारीबाग़ के ढौठवा दुर्गा पंडाल के नजदीक बाबा जय गुरुदेव धर्म विकास संस्था उज्जैन , मध्य प्रदेश के बाबा उमाकांत जी महाराज के अनुयायियों के द्वारा शाकाहारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में उपस्थित जनप्रतिनिधि, श्रद्धालुओं एवं भारी जनसमुदाय को संबोधित करते हुए जिला जिम्मेवार मनीष लिंडा ने कहा कि प्रभु प्राप्ति का एकमात्र रास्ता मानव शरीर ही है। इसके साथ उन्होंने यह भी बताया कि 24 घंटे में 22 घंटा आप अपने लिए संसार के तमाम कामों को करो , खाओ घूमो , आराम करो लेकिन जीते जी प्रभु प्राप्ति के लिए दो घंटे इबादत करोगे तो प्रभु प्राप्ति थोड़ा आसान हो जाएगा। इन्होंने बाबा जी की विशेषता को बताते हुए कहा कि इनके दर्शन कर लेने मात्र से तकलीफों में आराम मिलने लगता है व करोड़ों यज्ञ करने का फल मिलता है। इन्होंने एक छोटी सी कहानी के माध्यम से यह बताया कि पशु एवं मानव दोनों के दवाइयां अलग अलग तरीके से उनके खून में पाए जाने वाले बैक्टीरिया के हिसाब से बनाई जाती है, दोनों का पावर अलग–अलग होता है और पशु के मांस का सेवन से हमारे मानव शरीर का खून बेमेल हो जाता है और इससे होने वाली बीमारियों का इलाज संघर्षमय हो जाता है। और हाथ जोड़कर लोगों से शाकाहारी व नशा मुक्त होने की अपील की। पंचायत के मुखिया शेर मो. हम्मद खान ने सर्वजन को संबोधित करते हुए अपने अनुभव को बताया कि जो भी लोग मांसाहार से शाक.ाहार व नशा मुक्त की ओर परिवर्तित हुए हैं वे काफी खुशहाल व स्वस्थ नजर आते हैं। इन्होंने बाबाजी के उद्देश्य को जन–जन व गांव–गांव तक पहुंचाने की अपील भी की।

कई जरूरतमंदों को किया गया कंबल का वितरण

दिसंबर माह में ठंड के बढ़ते हुए असर को देखते हुए बाबा जय गुरुदेव धर्म विकास संस्था की ओर से पंचायत के तमाम गांव से पहुंचे काफी संख्या में लाचार, असहाय व जरूरतमंद लोगों को कंबल का भी किया गया वितरण। यह कंबल का वितरण लगातार गांव गांव में चल रहा है। मौके पर काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रकाश केशरी, जिला जिम्मेवार नरेश प्रजापति, एक्यूप्रेशर चिकित्सक ऋषिकेश राज, सुरेश प्र0 केशरी, दिनेश्वर दांगी, बिजेंद्र सोनी, महेंद्र सोनी, संत पंडित, उमेश प्रजापति, नरेश शर्मा, अजय प्रजा.पति, विजय दांगी, मिश्री केशरी, प्रकाश केशरी, शोभा देवी, रूबी केशरी, ललिता देवी, संतोष केशरी, रुकमणि मसोमात, अंकित कुमार, सुमित सोनी, राजेंद्र राम, फागू उरांव व तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की जयंती

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन मेहता**



पुर्व प्रधानमंत्री के जयंती मे शामिल लोग

पदमा प्रखण्ड के पदमा गेट के पास शंकर मिष्ठान पदमा गेट के पास मंडल अध्यक्ष बाबु लाल मेहता के उपस्थिति में भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के 97 वां जयंती मनाया गया। जिसमें पदमा प्रखण्ड के वरिष्ठ कार्यकता के बीच मनाया गया जिसमें भाजपा के वरिष्ठ कार्यकता नारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र गुप्ता, महेंद्र पांडे, प्रखण्ड उपाध्यक्ष भरत पांडे, महामंत्री बुधन साव, रामानंद गिरी, गणेश यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रमेशवर पांडे, मेंहता, दशरथ काली जी, विजय मेहता एवं सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार मामले में एक को भेजा जेल

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : बड़कागांव पुलिस ने गोंदलपूरा पंचायत अंतर्गत चपरी जंगल में अवैध कोयला खनन कर भंडारण करने के मामले में एक व्यक्ति को जेल भेजा गया । मामले को लेकर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 297/21 दर्ज प्राथमिकी धारा 414/34 भादवी 54 जे एम एम सी एक्ट (2) कोल माइंस एक्ट एवं 33 वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी अभियुक्त चपरी गांव निवासी 41 वर्षीय अशोक महतो को न्यायिक हिरासत में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

APEM
LIVE

## सांसद एंव विधायक ने कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का किया शुभारंभ किया

### हर घर शिक्षा,घर-घर ज्ञान – सांसद अन्नपूर्णा देवी

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**सुनील कुमार**



कोडरमा/जयनगर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जयनगर प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड के सभी बच्चों को निशुल्क कम्प्यूटर ज्ञान देने हेतु विधायक मद से संचालित डीईजीएस कम्प्यूटर बेसिक ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं बरकट्ठा विधायक माननीय अमित कुमार यादव के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से सुसंपन्न हुआ द्य ग्रामीणों ने सांसद और विधायक के प्रति कम्प्यूटर सेंटर खुलने से हर्ष व्यक्त करते हुऐ कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को घर से बाहर शिक्षा प्राप्त करने के लिये नही जाना होगा सभी तरहा की सु.विधायें प्रखंड मुख्यालय से मिलगें । मौके पर जिला महामंत्री सुधीर सिंह, जयनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, परसाबाद मंडल अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी,मंडल मिडिया प्रभारी दीपक वर्णवाल, यमुना यादव ,अशोक रजक , घनश्याम रजक , रामजी यादव,जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश राम,बिनोद यादव,केदार यादव, मुकेश पासवन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उप.स्थित थें ।

## दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति चंदवारा प्रखंड इकाई का पुनर्गठ्न, धर्मेंद्र रजक प्रखंड अध्यक्ष व विजय दास बने प्रखंड सचिव

### पूरे देश में दलितों पर हो रहे हमले दुर्भाग्यपूर्ण – महादेव राम

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**



बैठक को संबोधित करते जिप सदस्य महादेव राम

प्रखंड मुख्यालय स्थित मैदान में दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति चंदवारा प्रखंड इकाई के पुनर्गठ्न को लेकर जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम की अधिकता में बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से चंदवारा पूर्वी जिप सदस्य महादेव राम व समिति के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर मौजूद थे। इस दौरान सर्वसमिति से धर्मेंद्र रजक को प्रखंड अध्यक्ष व विजय दास को प्रखंड सचिव बनाया गया। साथ ही 75 सदस्यों को प्रखंड कमेटी में रखा गया। बैठक के दौरान चंदवारा प्रखंड के सभी पंचायतों में कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान आगामी 14 जनवरी को प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड कार्यसमिति की बैठक सह दही–चूड़ा कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। अपने संबोधन में जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि पूरे देश में दलितों पर हो रहे हमले दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति की कमेटी बनाकर दलितों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कई दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों के दलित बंधुओं आज भी सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। जिसे मुख्यधारा में जोड़ने की आवश्यकता है। वहीं जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम ने कहा कि कोडरमा में दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति को मजबूती प्रदान कर और भी धारदार बनाया जाएगा। उन्होंने दलितों को एकजुट रहने और बाबा साहब भीम. राव अंबेडकर के बताएं रास्.तों पर चलकर अपने तथा अपने जिले का नाम रौशन करने की बात कही। पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश अंब.`डकर ने कहा कि हर प्रखंड में समिति को पुनर्गठित कर जिले में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। मौके पर मुखिया धीरज कुमार, दुर्गा प्रसाद राम, प्रखंड संयोजक विजय दास, सह संयोजक धर्मेंद्र रजक, कैलाश राम, संजय दास,अनिल दास, टूकलाल दास, कैलाश रजक, अजय दास, शंकर दास, विश्वनाथ दास, मुकेश पासवान, उमेश दास, सकिन्द्र राम, हिरामन रजक, कैलाश रजक, उपेंद्र पासवान, राजेश कुमार, निर्मल दास, बैजनाथ दास, राजेंद्र चौधरी, राजेंद्र दास, प्रकाश दास, उमा शंकर दास, रोहित पासवान, सोनिया देवी, बाबू लाल दास, वासुदेव तूरी, दुखन तूरी, सुशीला देवी, टिंकू दास, रंजीत दास, सुरेंद्र बैठा आदि मौजूद थे।



सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बक्चुम्बा गाँव मे नशा मुक्ति सह कम्बल वितरण का हुआ आयोजन में अतिथियों ने कहा

## नशा नाश का है जड़,युवा नशा से रहें दूर : एसडीपीओ

### नशा से केवल खुद ही नहीं घर और समाज दोनो होता है बर्बाद : बिनोद भोक्ता

**अपेम लाइव : कान्हाचट्ट**
**प्रमोद कुमार**



कान्हाचट्टः: बक्चुम्बा पंचायत के मस्जिद टोला में नशा मुक्ति अभियान सह कम्बल का वितरण किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत संचालन कर रहे समसुद्दीन अंसारी ने रामायण के प्रारम्भ करने वाले संस्कृत का श्लोक मातृवत प्रदारेषु,प्रदेबयशु लोष्टवतः,आत्मवतः सर्वभ.तेषु या पश्यति सह पण्डितः अर्थात जो पुरुष दूसरे के माँ को अपनी माँ, दूसरे की बहन को अपनी बहन और दूसरे की सम्पति को मिट्टी के ढेले की समान समझे वही असली पुरुष और मानव है।उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एस डी पी ओ अविनाश कुमार,बिनोद भोक्ता राजद प्रदेश उपाध्यक्ष,जीप प्रतिनिधि अरुण सिंह,मुखिया दुलारी देवी एवं थाना प्रभारी विकास यादव तथा पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह को बुक्के और माल्यार्पण कर स्वागत किया।उसके बाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एस डी पी ओ अविनाश कुमार ने कहा कि नशा नाश का जड़ है और अधिकांश युवा इसी नशा के आगोश में समाए हुए हैं चाहें वह शराब की नशा हो या फिर अफीम की नशा।जब तक युवा नशा के कारोबार और नशा से तौबा नहीं करेंगे तो समाज आने वाले दिनों में नशा करते रहे तो और भी युवा बुरी स्थिति में आ जाएंगे।उन्होंने कहा कि पोस्ता अफीम के नशा में समाए लोग अफीम की खेती छोड़े नहीं तो परिवार बर्बाद होगा ही उनके लिए लाल कोठरी भी तैयार है।वहीँ राजद प्रदेश उपाध्यक्ष और युवा नेता बिनोद भोक्ता ने कहा कि नशा से केवल खुद नहीं बल्कि घर परिवार के साथ साथ समाज भी बर्बाद होता है।नशा पर बोलते हुए युवा नेता भोक्ता ने कहा कि वर्तमान समय मे नब्बे प्रतिशत युवा नशे के आगा.श में हैं और जिससे लगातार उनकी शारीरिक और मानसिक क्षति हो रही है।लोग जब तक नशा को तौबा नहीं कहेंगे तब तक समाज का विकास सम्भव नहीं है।उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति को लेकर जो अभियान सद्दाम जी के द्वारा किया जा रहा है यह काबिले तारीफ है।उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को सुधारने के लिए नशा से दूर होना पड़ेगा।लोग हड़िया दारू पी कर सामाज को बर्बाद कर रहे हैं।नशा से मानसिक,शारीरिक और धन की क्षति होती है।श्री भोक्ता ने ग्रामीणों के मांग पर कहा कि अगले सत्र में मंत्री जी से आरक्षण की आवाज को उठाने का आग्रह करूंगा।वही जीप प्रतिनिधि अरुण सिंह ने कहा कि आज का जो नशा उन्मुलन का कार्यक्रम किया गया यह जितना भी साबासी दिया जाए कम है।उन्होंने समाज के लोगो से अपील किया कि नशा से दूर रहे तभी परिवार का विकास होगा।कार्यक्रम को मो. सद्दाम ने कहा कि यह मेरा छोटा सा प्रयास है।इस कार्यक्रम को पूरे प्रखण्ड स्तर पर किया जाएगा।. उन्होंने कहा कि सरकार जिनको जैसा आरक्षण चाहिए उन्हें दें।कार्यक्रम को थाना प्रभारी विकास यादव,दुलारी देवी,बाबूलाल यादव,प्रमोद भुइयाँ, रामप्रीत सिंह,अमित सिंह,कामख्या सिंह आदि ने सम्बोधित किया। वहीं दर्जनो बृद्ध लोगो को कम्बल का वितरण किया।वही सैकड़ो लोगो ने वैक्सिनेशन भी करवाया।यह कार्यक्रम को सद्दाम ने कराया।

## कोरोसिन तेल झिड़क पत्नी को पति ने जिंदा जलाया, परिजनों ने लगाया आरोप, एक गिरफ्तार

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



झापा पंचायत के बिशनपुर ख़िलाही में एक विवाहिता महिला की मौत आग में झुलस कर हो गया। मृतक महिला की पहचान बसंती देवी उम्र लगभग 30 वर्ष के रूप में हुवा है। मृतक महिला के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए ख़िलाही में जमकर हो हल्ला किया। इधर घटना स्थल पर पहुंची चौपारण पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चौपारण थाना लेकर अन्तरपरिक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया। मृतक के भाई जगदीशपुर बेला निवासी दिनेश साव ने बताया कि मेरी बहन की हत्या उसके पति, सास, ससुर, देवर व अन्य लोगों ने मिलकर किया है। बताया कि हमारी बहन के साथ हमेशा मारपीट होते रहता था। कहा आज हमारी बहन का पति अंगद साव मुम्बई से आया था और प्लानिंग के साथ उसे मार दिया। कहा सुबह हमे ख़िलाही गांव के ही किसी ने फोन करके घटना की जानकारी दिया। सूचना पाकर हमलोग जब ख़िलाही पहुंचे तो दरवाजा बाहर से बंद था दरवाजा खोलने पर मेरी बहन आग से पूरी तरह जल चुकी थी और बहन का दोनो हाथ पैर बंधा हुवा था। वही बहन को मारकर घर वाले सभी कोई फरार हो चुके थे। मृतक महिला के दो लड़का भी है। इस सन्देर्भ मे थाना प्रभारी स्वपन महतो ने बताया कि मामले का जाँच पड़ताल जारी है। आवेदन के आधार पर आरोपित पति के भाई को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। कहा दोषियो को जरूर सजा मिलेगा।

## खरवार समाज का वनभोज कार्यक्रम का हुआ समापन

## खरवार समाज के वनभोज कार्यक्रम में शामिल हुए खरवार समाज के सैकड़ो लोग

### खरवार समाज ने लिया निर्णय फ़रवरी में दिल्ली के जंतर मंतर पर देंगे धरना

**अपेम लाइव : कान्हाचट्ट**
**प्रमोद कुमार**




खरवार आदिवासी उत्थान समिति चतरा जिला इकाई द्वारा कान्हाचट्टी प्रखंड के हरियोंखार जलप्रपात केंदुवा सहोर जिला चतरा में 26 दिसंबर शनिवार को खरवार समाज का वनभोज कार्यक्रम सह होमगार्ड जवान में चयनित हुवे खरवार समाज के युवा युवातियों का सम्मान समारोह का आयोजन हरिओखार जलप्रपात में समाज के सभा आयोजित कर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्षमण सिंह खरवार एवं संचालन शिक्षक नरेश सिंह खरवार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम खरवार समाज की सपूत धरोहर स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद नीलाम्बर –पीताम्बर,शहीद फेटल सिंह खरवार, जेठन सिंह को खरवार समाज द्वारा एक मिनट मोन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया कार्यक्रम में अतिथियों को गुलदस्ता देकर किया गया सम्मानित रु– वनभोज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खरवार आदिवासी उत्थान समिती झारखण्ड प्रदेश सचिव, सिकेंद्र खरवार, खरवार समाज के उतरी छोटानागपुर के सचिव कपिल सिंह खरवार, उपाध्यक्ष विनोद सिंह,समिती के संगठन सचिव नरेश सिंह नरेश खरवार, को समाज के ला.गों द्वारा सभा में गुलदस्ता देकर सम्मानित किया, कार्यक्रम में होमगार्ड जवानों में चयनित पूनम कुमारी, देवन्ति कुमारी, मुकेश सिंह खरवार, सभी को समाज के वरिष्ठ पदा.धिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया सभा को सम्बो.धित करते हुवे अतिथियों ने खरवार समाज को शिक्षित, स्वास्थ और मजबूत समाज बनाने पर बल दिया सचिव सिकेंद्र ने अपने सम्बोधित करते हुवे कहा की हम एक खरवार जनजाति समुदाय जो झारखण्ड के वीर लड़ाकू जनजाति के नाम से जाना जाता है हमारजाति, गोत्र, संस्कृति, धार्मिक पहचान और रीती रीवाज संगीत कला को बचाना हमारे समाज के लड़का लड़कियों की जरुरत है, यह हमारी आदिवासियों की असली पहचान है,नशाखोरी,अंध.विश्वास, बालविवाह, कुप्रथा ने समाज के को बर्बाद किया है : खरवार समाजखरवार समाज के झारखण्ड और बिहार उतरी छोटानागपुर के सचिव कपिल सिंह खरवार ने समाज लोगों के बिच कहा की हमारी समाज में दिनों दिन शिक्षा के स्तर धीरे धीर काम होते जा रहा है और आज के युवा नशा खोरी में अधिक संलिप्त होते जा रहे है,नशा खोरी, अंधविश्वास, बाल विवाह,कुप्रथा,ने समाज को बर्बाद किया है, इसे समाज के युवा को दूर रहने की जरुरत है वंनभोज कार्यक्रम के सभा मे खरवार समाज के सभी युवा बुद्धिजीवीओ ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया खरवार समाज ने दिल्ली के जंतर –मंतर पर धरना प्रदर्शन के करने को लेकर लिया निर्णय वनभोज कार्यक्रम को लेकर सभा में भारत सरकार के पास पड़े लंबित मामला खरवार के आठ उपजातियाँ को अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आदेश संशोधन विधेयक विल 2020 पारित करने को लेकर खरवार आदिवासी उत्थान समिति झारखण्ड, के द्वारा दिल्ली जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन फ़रवरी महीने में करने को लेकर विचार विमर्श किया गयाखरवार के उपजाति देशवारी को खरवार का जाति प्रमाण पत्र नहीं मिलने से समाज के लड़का लड़कियों का भविष्य अंधक.ारमय होते चला जा रहा है बनभोज कार्यक्रम में खिचड़ी का आयोजन किया गया, जिसमे समाज के सभी महिला पुरुष ने खिचड़ी का भोजन किया कार्यक्रम में शामिल किया खरवार आदिवासी उथान समिती के प्रदेश सचिव, सिकेंद्र खरवार, संगठन सचिव, नरेश खरवार, कोसाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, उप कोसाध्यक्ष, विनोद सिंह खरवार,जिलाध्यक्ष चलितर सिंह खरवार, कपिल सिंह, राजू सिंह, संतोष, सुखदेव सिंह, इतराज खरवार, सिकेंद्र खरवार, अरुण सिंह, शिक्षिका किरण देवी, रिंकी देवी, समाज के 150 की संख्या महिला पुरुष, लड़का, लड़की पिकनिक में शामिल हुवे

## बेंगाबाद में अंचल अधिकारी पर जानलेवा हमला बायां हाथ फेक्चर

**अपेम लाइव : गिरिहिड**
**रोहीत कुमार**



गिरिडीहः बेंगाबाद प्रखंड के अंचल अधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी पर महुआर गांव में जानलेवा हमले हुआ. हमला में उनका बायां हाथ फैक्चर हो गया है। गिरिडीह सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। उनके हाथ का प्लास्टर किया गया है। बताया जाता है, कि अंचल अधिक.ारी किसी मामले की जांच को लेकर महुआर गांव गए थे। उसी गांव में रामचंद्र ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर समेत उसके भाइयों ने उन पर जानलेवा हमला किया. हमलावर लाठी और डंडे से लैस था। हमला में वह बाल–बाल बच गए, सिर्फ बायां हाथ फ्रैक्चर हुआ। ऊक्त मामले की जानकारी मिलते ही बेंगाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा एक आरोपी लक्ष्मण ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया, दूसरा आरोपी उसका भाई रामचंद्र ठाकुर भागने में सफल रहा।






दिनांक: 26-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बिरनी के बीआरसी में पारा शिक्षक का बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिहिड शबहा अहमद**



उपस्थित पारा शिक्षक

बिरनी के पारा शिक्षकों का बिरनी बीआरसी में एक बैठक रविवार को किया गया। जिसका अध्यक्षता मनोज शर्मा कर रहे थे। वही संचालन अजय पांडेय कर रहे थे। जिससे पूरे बिरनी के पारा शिक्षक मौजूद रहे। जिसमें अध्यक्ष मनोज शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि जो हमारे18 सालो से संघर्ष था।और हमारे क्रन्ति. कारी साथियों ने क्रांति के बलबूते।जो आज हमें 14दि. सम्बर की वार्ता में माननीय शिक्षा मंत्री के अध्यक्षता में बैठक हुई।उसमे जो हमें पूरे पारा शिक्षकों को लेगुलर कर दिया है।उनसे संतुष्ट हैं लेकिन जो हमारा मूल मांग था। की सरकार वेतनमान लागू करें उससे हम सभी को वंचित रखा गया है। जब तक सरकार हम लोगों को वेतनमान नहीं देती है या निर्णय नहीं लेती है। तब तक हम सभी पारा शिक्षक (सहायक शिक्षक) शांत नहीं बैठेंगे। जिसमें उपस्थित रहे प्रखंड अध्यक्ष मनोज शर्मा, कोशाध्यक्ष मनोज रविदास,प्रखंड प्रवक्ता रिशलचंद यादव उपाध्यक्ष हरिहर मोदी, बालेश्वर, तालवेर, अजय पांडेय, सुन. रेद्र तिवारी, चचल पांडेय, अरुण,सुखदेव, प्रमोद, इकबाल, लक्ष्मण, मुन्नी देवी, राजेद्र पासवान,पुरषोतम,पंचगण आदि पारा शिक्षकों उपस्थित रहे

## आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के द्वारा 700 कंबल का वितरण किया गया

**अपेम लाइवः बड़कागांव अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते सीएमडी रंजीत कुमार

बड़कागांवः आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार मेहता व अन्य सदस्यों द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत कई गांव में जाकर जरूरतमंद गरीब वृद्ध महिला पुरुष के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आ रहे हैं। आर्य कर्ण निधि लिमिटेड द्वारा गरीब व निर्धन, को ठंड से बचाव के लिए इतीज, सिरमा, नवाडीह, बसरिया, उपरैली डाडी, जुगरा,कुंदरू,प्लान्डु, तलसवार सहित अन्य गांव में लगभग 700 कंबल का वितरण अब तक किया गया है। सीएमडी रंजीत कुमार मेहता ने कहा की हमारा कर्तव्य है कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करें और उन्हें लाभ पहुंचाएं। अधिक से अधिक लोगों को कंबल लेकर लोगों को ठंड से बचाने का प्रयास किया जा रहा है।बताते चलें कि प्रखंड में हाड़ कपकपा देने वाली ठंड पड़ रही है। तापमान लगभग 4 डिग्री नीचे आ गया है। कई लोग ठंड से बीमार पड़ रहे हैं। अहले सुबह खेत खलिहान ओस की सफेद चादर में लिपटा हुआ देखा जा रहा है। मौके पर सीएमडी रंजीत कुमार, एमडी देवदीप कुमार, संयोजक सरोज सोनी, पवन कुमार ,विनोद सिन्हा ,कृष्णा राम चौहन साव , आशीष भोक्ता, तुलसी भोक्ता, रामेश्वर भोक्ता, दिलीप राणा ,सलिया देवी, दिनेश मिंज, राजू उरांव, आशिता देवी, कोमल भोक्ता, चमन गंझू, आदि ने कंबल वितरण में सराहनीय भूमिका निभाई जा रही है।

## युवती ने पी लिया तेजाबः गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती साफ नहीं

**अपेम लाइव : गिरिहिड रोहीत कुमार**



गिरिडीह में युवती ने तेजाब पीकर आत्महत्या की कोशिश की है. उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई सदर अस्पताल में युवती का इलाज किया जा रहा है. युवती ने तेजाब पी लिया, इसको लेकर अब तक वजह साफ नहीं हुई है. गिरिडीहः जिला में एक युवती ने तेजाब पीकर आत्महत्या की कोशिश की. घातक कदम उठाकर युवती ने जान देने का प्रयास किया. जिस युवती ने तेजाब पीया है उसकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है. सदर अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है. इसे भी पढ़ें- आगरा में 12वीं की छात्रा ने पिया तेजाब, जानें पूरा मामलापीड़िता मुफस्सिल थाना इलाके के सिहोडीह निवासी अजीत स्वर्णकार की 21 वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी ने जान देने की को. शिश में ऐसा घातक कदम उठाया है. घटना को लेकर बताया जा रहा है कि रविवार को पूनम कुमारी ने अपने घर में ही अचानक तेजाब पी लिया. तेजाब के सेवन के बाद उसकी तबीयत गंभीर हो गयी. जब परिजनों को इस बात का पता चला तो परिजनों ने लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया. हालांकि युवती ने तेजाब क्यूं पी लिया, उसके पास तेजाब कहां से आया था, इसकी जानकारी लड़की ने परिजनों ने नहीं दी है और ना ही परिजनों को ऐसी किसी बात का पता है. दूसरी तरफ मामला सुसाइड की कोशिश से जुड़ा है तो सदर अस्पताल प्रबंधन ने इस मामले से पुलिस को अवगत करा दिया है. युवती का मुंह जला, डॉक्टर कर रहे हैं इलाज तेजाब पीने से युवती का मुंह और ग्रास नली बुरी तरह से जल गया है. डॉक्टर की टीम उसके इलाज में जुटी है. हालांकि अभी तक युवती की हालत में किसी तरह का सुधार नहीं है. संभवतः युवती को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया जा सकता है.

## एक दिवसीय दौरे पर निकले मंत्री ने चतरा से जोरी पथ को जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

## राज्य के श्रम नियोजन मंत्री पहुँचे कुंदा,जरूरत मंद लोगों के बीच किया कम्बल का वितरण

**अपेम लाइव : कान्हाचट्ट प्रमोद कुमार**




राज्य के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण कौसल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता रविवार को एक दिवसीय दौरे पर कुंदा प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव का दौरा किया.क्षेत्र में जगह जगह पर कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया. दौरे के क्रम में जोरी-चतरा NH 99 के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया.संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने व तीव्र गति से सड़क निर्माण कराने का निर्देश दिया, ताकि यातायात की सुविधा बहाल हो सकें.दौरे के क्रम में मंत्री ने चिलोई ,भुईयाडीह, बैलगड़ा,बनियाडीह,डाडु,कुंदा, मदापुर, शेरपुर, सिकीद,अमौना समेत कई गांव के भ्रमण कर ला. ेगों से मिलकर नए साल की बधाई दिया,नए वर्ष के आगमन को लेकर उन्होंने हर वर्ष की तरह इस बार कलेंडर का वितरण किया. गरीब-असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया.मंत्री ने दौरे के क्रम में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडल प्रभारी दीपक साहु के पैतृक गांव मदारपुर पहुँचे.दौरे के क्रम में मंत्री ने कहा कि क्षेत्र का विकास के लिए मैं प्रयासरत हूँ,राज्य में कोरोना महामारी को लेकर विकास की गति धीमी जरूर हुई थी,मगर अब राज्य में विकास की रफ्तार बढ़ रही,नए वर्ष में नए म०डल के रूप में राज्य से लेकर क्षेत्र तक विकास किया जाएगा. बेरोजगर युवकों को कौसल विकास केंद्र के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जोड़ा जा रहा है,सड़क,बिजली,तकनीकि शिक्षा को दुरुस्त किया जा रहा है.हर प्रखंड में योग्य लाभुकों को पेंशन,आवास योजना का लाभ दिया जाएगा.कड़ाके की ठंढ को देखते हुए कई गांव में कम्बल का वितरण किया इस मौके पर जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव,प्रतापपुर के समाज सेवी भोला प्रसाद,अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह भोक्ता,मुखिया बिगन गंझू,बिलेन्द्र भोक्ता,मंत्री प्रतिनिधि नगीना सिंह भोक्ता,नागेंद्र यादव,जीप सदस्य के भावी उम्मीदवार रंजीत कुमार भोक्ता,राजद प्रखंड अध्यक्ष दिलीप प्रसाद यादव, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, श्याम भोक्ता, अनिल प्रसाद यादव,रामबृक्ष पा. सवान,अकलेश यादव ,लवकुश गुप्ता,रघोचन्द यादव, प्रदीप यादव,बसंत कुमार, योगेन्द्र साव समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए

## जीवी बैठक सम्पन्न :उपस्थित माले विधायक विनोद सिंह

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिहिड शबहा अहमद**



संबोधित करते विधायक विनोद सिंह

प्रखंड के बरमसिया झंडा मैदान में रविवार को माले की जीवी बैठक सम्पन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता रामबिलास पासवान संचालन बबलू खान ने किया। बैठक में 16 जनवरी महेंद्र सिंह की शहादत दिवस की तैयारी को लेकर किया गया। जिसमें वही रामु बैठा ने कहा कि जेएमएम जो लोग गया है।वही मुसतिकीम अंसारी ने कहा बगोदर विधानसभा में एक तरफ माले है और दूसरे तरफ भाजपा है इस बार ऐसा श्रृंखला बनाये की भाजपा को मुह तोड़ जबाब देंगे। कि एक दो को पार्टी से तोड़ने से हमारे पार्टी को कमजोर नही होने देंगे। वही पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह ने कहा कि बिरनी बगोदर लाल झंडा की धरती है।यह कितने दूसरा पार्टी जोर लगा ले लेकिन लाल झंडा को कभी भी कुछ नही कर सकता है। इस बैठक में महेंद्र सिंह के शहादत दिवस मनाने की संकल्प लिया संकल्प के जिस तरह पूरे देश के किसानों को संगठित होकर मोदी सरकार के खिलाफ आंदोलन किया। और तीन कला कानून को वापस कराने में कामयाब हुआ ठीक उसी तरह भाकपा माले के कार्यकर्ता ने गांव गांव घूम कर झमस के सदयता का अभियान चला कर किसानों का दस्. ताना चला कर के इंकलाबी नौजवान का सदस्यता अभियान चलाकर के गांव गांव में इसका जोरो से तैयारी चला करके पूरा दस हजार लोग पूरा बिरनी से निकले और अभी तक का रिक०र्ड रहा उसको भी हमलोग इस शहादत दिवस में जोरदार रिकॉर्ड बनाएगें। इस जिला परिषद के जितने लोग हैं चाहे जिला परिषद का चुनाव हो मुखिया के चुनाव हो प्रत्येक पंचायतों में भाकपा माले के कार्यकता चुनाव लड़ेंगे। वही बगोदर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि महेंद्र सिंह के लोग बहुत याद करते हैं। और सबसे ज्यादा वही लोग याद करते हैं जिसे महेंद्र सिंह को कभी याद नहीं करना चाहिए। वही लोग ज्यादा याद करते हैं महेंद्र सिंह के याद करने की जरूरत है। महेंद्र सिंह ने जो पार्टी को चुना के झंडे को चुना और लाल झंडा कि बगा. ेदर में खिल रहा है। महेंद्र सिंह वे थे कि जनता को हर चीज को योग्त करते थे।कई विचार रखें। मुख्य रूप से बगोदर विधानसभा के विधायक विनोद कुमार सिंह सीताराम सिंह सीताराम प ा स व ा न रामु बैठा राजेश विश्कर्मा सदानंद वर्मा बिसनुदेव वर्मा मंटू राय अशोक बैठा प्रेम वर्मा सहदेव यादव मुसतिकीम अन्सारी हजारों की संख्या म े उपस्थित रहे माले कार्यकर्ता।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## झारखंड राज्य प्रशिक्षित पारा शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिहिड शबहा अहमद**


जमाल उद्दीन अंसारी

बिरनी प्रखंड के सभी प्रशिक्षित अप्रशिक्षित शिक्षकों के साथ दिनांक 28 दिसंबर दिन मंगलवार को समय 11 बजे से बीआरसी भवन बिरनी के प्रांगण में झारखंड राज्य प्रशिक्षित पारा शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक रखी गई है। इस बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य प्रशिक्षित पारा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री शेख सिद्दीक जी , प्रदेश महासचिव विकास कुमार चौधरी एवं प्रधान सचिव सुमन कुमार सिंह जी उपस्थित रहेंगे। साथ ही जिला अध्यक्ष डिलचंद महतो जी प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव राय जी जिला कोषाध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी जिला प्रवक्ता सलाकत अंसारी जी प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष गीता राज जी मुख्तार अंसारी जी जिला उपाध्यक्ष अरविंद जी इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। इसलिए बिरनी प्रखंड के सभी प्रशिक्षित /अप्रशिक्षित पारा शिक्षकों से निवेदन किया गया कि सभी इस बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें । दिनांक 28 दिसंबर के इस बैठक में महत्वपूर्ण बिंदु पर चर्चा किया जाएगा एवं नियमावली पर भी चर्चा होगी । इस बैठक में झारखंड राज्य प्रशिक्षित पारा शिक्षक संघ प्रखंड इकाई बिरनी में प्रखंड कमेटी का गठन किया जाएगा । सभी पारा शिक्षकों से आग्रह है किया गया कि इस बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार को रखेंगे तथा प्रशिक्षित संघ के प्रखंड कमेटी के गठन में अपना योगदान देंगे ताकि सभी प्रशिक्षित शिक्षकों को अपने भविष्य में आने वाली समस्या बाधा को दूर करने में सहूलियत हो । बिरनी प्रखंड के सभी प्रशिक्षित अप्रशिक्षित शिक्षक समय पर आकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया ताकि प्रदेश नेतृत्व कर्ता का मनोबल ऊंचा हो और वह जोर शोर से पूरी ताकत के साथ सभी प्रशिक्षित शिक्षक के भविष्य को सुरक्षित करने का काम पूरी ताकत के साथ कर सकें।

## भाजपा का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**अपेम लाइव : कान्हाचट्ट प्रमोद कुमार**




चतराः भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज संपन्न हुआ। समापन सत्र को सांसद चतरा सुनील कुमार सिंह, विधायक सिमरिया किशुन कुमार दास, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान,स्वयंसेवक संघ के नित्यानंद उपाध्याय जी,प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता सां. वरमल अग्रवाल जी के द्वारा उपस्थित भाजपा नेताओं को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, सिमरिया विधायक के जिला प्रतिनिधि अछ्वट पांडे, चतरा जिला भाजपा महामंत्री मि. थलेश गुप्ता, के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त को उरेज गांव के विस्थापितो ने बिजली बिल समस्या को लेकर आवेदन सौंपा


**अपेम लाइवः बड़कागांव अमित मालाकार**



आवेदन दिखलाते विस्थापित ग्रामीण

बड़कागांव प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत आंगों के उरेज गांव में पिछले 5 वर्ष पूर्व से जी भी के कोल माइंस के द्वारा विस्थापित किए गए परिवार आर एन आर क०लोनी उरेज में गुजर बसर कर रहे हैं। विस्थापितो को बिजली बिल समस्या से जूझना पड़ रहा है।कॉलोनी में गुजर–बसर करने वाले ला.`गों को कंपनी द्वारा कहा गया था कि आप लोगों को निःशुल्क बिजली पानी चिकित्सा आदि सु. विधा कंपनी द्वारा मुहैया कराई जाएगी।परंतु कंपनी के वापस चले जाने के बाद विस्थापितों के लिए बिजली बिल की समस्याएं उत्पन्न हो गई है।विस्थापितों ने हजारीबाग उपायुक्त एवं संबंधित बिजली विभाग को आवेदन देकर बिजली बिल व अन्य गांव की समस्या को लेकर समाधान कराने हेतु आवेदन देकर गुहार लगाई है।दिए गए आवेदन में लिखा है कि ग्राम उरेज के बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल डीएस 2 से डीएस 1 में किया जाए।त. त्पश्चात डीएस 1 की श्रेणी की बिजली बिल हम उपभोक्ताओं से लिया जाए।हम सभी ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं का कहना है कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा बिजली उपलब्ध कराई गई है। परंतु अत्यंत सुदूरवर्ती ग्राम एवं विस्थापित होने के बा. वजूद लगभग 32 परिवार की ग्रामीणों का डीएस 2 की श्रेणी का बिजली बिल भुगतान करने की बिजली बिल की रसीद भेजी जा रही है।हम सभी निर्धन गरीब ग्रामीण डीएस 2 की श्रेणी का बिजली बिल देने में असमर्थ है। वर्तमान में हम सभी का सूद सहित लगभग 5,000 से लेकर 32,000 से अधिक बिजली बिल बकाया रसीद भेजा गया है। हम सभी सूचीबद्ध उपभोक्ताओं को डीएस 2 की श्रेणी से हस्तांतरित कर डीएस 1 की श्रेणी में हस्तांतरित किया जाए। विस्थापित डीएस 1 की बिजली सूद माफी के पश्चात बिजली बिल देने को तैयार है।बि. जली बिल बकाया मुख्य रूप से छोटन करमाली 31426 रुपया, दसंय गंझू 31438 , रोहित कुमार 12181, मोहर गंझू 29530 , विजय गंझू 29973 , बालदेव गंझू 30760 , पुसनी देवी 32060 ,पचल गंझू 31334 ,संतोष गंझू 30812, उगन गंझू 31994 ,तेतर गंझू 30136 , नागेश्वर गंझू 24015 , रमुनि ठाकुर 30441, पृथु गंझू 31408 , महावीर गंझू 31390 , भीखु महतो 31899 , बिगन गंझू 31448 , उमेश सिंह 26051, अरविंद सिंह 15740 रुपए सहित लगभग 32 लोगों का ला.`गों का बिजली बिल बकाया का रसीद भेजा गया है।मामले को लेकर प्रमुख प्रतिनिधि कोलेश्वर गंझू ने कहा कि 5 वर्ष पूर्व जीभीके कोल माइंस के द्वारा जमीन अधिग्रहण किया गया था।ग्रामीणों को विस्थापित करते हुए क०लोनी में बसाया गया था।जिसमें पानी , बिजली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क देने की बात कही गई थी ।परंतु कंपनी के वापस चले जाने के कारण ग्रामीणों को अत्याधिक बिजली बिल आने की समस्या से जूझना पड़ रहा है।सरकार को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।जीभीके कोल कंपनी के चले जाने के बाद आइसर कंपनी आया। इनका भी 5 साल का समय अवधि समाप्त हुआ और अब जाकर के ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि एनएमडीसी आया है। परंतु इनके द्वारा कोई भी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार